दिन– सोमवार दिनांक– 06 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिना आवासीय प्रमाण पत्र के मिलेंगे पाँच किलो के एल.पी.जी सिलेंडर। इस फैसले से प्रवासी कामगारों और छात्रों को मिलेगी राहत।

02 राज्य सरकार ने कहा– अगले पांच वर्षों में उद्योग क्षेत्र में होगा पचास लाख करोड़ रुपये का निवेश। बढ़ेंगे रोजगार के नये अवसर।

03. भारतीय जनता पार्टी आज अपना सैंतालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। प्रदेश में चलेंगे सप्ताह भर कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– नौ अप्रैल तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में धूल भरी आंधी के साथ होगी बारिश।

केंद्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध कराये जा रहे है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि आपूर्ति बढ़ाने के बाद तेईस मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेंण्डरों की बिक्री हुई है। इधर, पटना में भारत पेट्रोलियम ने पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की है। क्षेत्रीय प्रबंधक अंशुल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए छोटा सिलेंडर आसान और किफायती विकल्प साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवासीय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

———बाइट———

————————————————————————

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर तीस जून तक सीमा शुल्क में पूरी तरह छूट देने का निर्णय लिया है। इस छूट से पेट्रोकेमिकल, प्लास्टिक, वस्त्र और फार्मास्यूटिकल्स जैसे उत्पादों पर निर्भर कई क्षेत्रों को लाभ होगा। साथ ही इससे इन क्षेत्रों के अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

————————————————————————

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि सरकार ने अगले पांच वर्षों में उद्योग क्षेत्र में पचास लाख करोड़ रुपये निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। श्री जायसवाल आज पटना में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस की विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास से एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा होगा।

———बाइट———

उद्योग मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य में निवेश के सात सौ सैंतालीस प्रस्ताव मिले, जिसकी कुल राशि सत्रह हजार दो सौ सत्रह करोड़ रुपये से अधिक है।

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और सुशासन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। अपने वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि हमारी पार्टी ने जनकल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

———बाइट———

हम एक ओर अपने मूल्यों पर अडिंग है। वही जन कल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाया। हमारे पास संसाधन सीमित थे, लेकिन हमारी पार्टी लोगों की सेवा के लिए समर्पित रही। चाहे आपदा हो या समाज में कोई सकारात्मक बदलाव हो हर जगह हमारे कार्यकर्ता सेवा भाव से जनता के बीच उपस्थित रहें। इसी सेवाभाव के कारण लोगों का बीजेपी पर विश्वास बढ़ता चला गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि 2029 के चुनाव नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार आयोजित किए जाएं। श्री मोदी ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड और वन नेशन वन इलेक्शन पार्टी का अगला मिशन

होगा। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पार्टी की शक्ति लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण और प्रतिबद्धता पर टिकी है।

---बाइट---

इधर, राजधानी पटना स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा सप्ताह भर अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

---बाइट---

जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा है कि बिहार में एनडीए पूरी तरह एकजुट है। आज रोहतास में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री के नाम पर सर्वसम्मति से फैसला किया जायेगा।

---बाइट---

---

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त कानून हैं। नई दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित महिला केंद्रित मुद्दों और सशक्तिकरण पहल पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए, उन्होंने लैंगिक संवेदनशीलता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक महिला को कानून के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करने की सलाह दी।

---बाइट---

हम सब जब पॉजिटिव माइंडसेट को अप्लाई करते है, तो स्वाभाविक रूप मे हम, हमारी ऐसी अनेक ताकतों को बरकरार रखते हुए हम आगे बढ़ भी सकते हैं। पॉजिटिव माइंड के साथ–साथ जो जुड़ा हुआ है। वो जुड़ा हुआ है जेंडर सेंसिटाइजेशन और उसी के साथ–साथ हम जेंडर सेंसिटाइजेशन को लेते हुए एक ऐसी इकोसिस्टम बनाना चाहते है, जहां हर एक व्यक्ति को समान अवसर और समान सम्मान प्राप्त हो।

इस अवसर पर आकाशवाणी के महानिदेशक, समाचार धीरज एम. काकड़िया ने कहा कि कार्यस्थल सुरक्षित और न्यायपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर शोषण को कतई बर्दाश्त न करने की नीति होनी चाहिए।

–––बाइट–––

महिला सशक्तिकरण के जो–जो कानून है उनकी हमारी बहनें–बेटियां समझे। नहीं तो कानून, कानून ही रह जाता है। तो ऐसी हम सीरिज चलाना चाहते हैं। तो हम ऐसा आकाशवाणी केन्द्र बनाना चाहेंगे इस कैम्पस के अंदर सब लोग सुरक्षित महसूस करें। महिला को अन्दर आने से किसी का डर ना हो किसी का एक्सप्लाईटेशन न हो।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री राहत कोष न्यास पर्षद की पटना में हुई बैठक में विभिन्न आपदाओं और दुर्घटना प्रभावितों को अनुग्रह सहायता राशि भुगतान के लिए चार करोड़ सत्तर लाख रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य के बाहर विभिन्न दुर्घटनाओं में नवासी मृतकों के आश्रितों और इकतालीस गंभीर रूप से घायलों को सहायता राशि देने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। इसके अलावा राज्य में विभिन्न आपदाओं में बहत्तर लोगों की हुई मौत के मामल में परिजनों को सहायता राशि देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विधान परिषद अतिथि निवास और सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और बंगाल की खाड़ी से आनेवाली नमीयुक्त हवा के प्रभाव के कारण प्रदेश में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। विभाग ने नौ अप्रैल तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। इधर, आज गया, जहानाबाद, लखीसराय और पटना समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, बांका और जमुई जिले में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश हो रही है। वहीं, पिछले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों– गया, औरंगाबाद, जमुई और नालंदा समेत कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है।

———————————————————————————————

नालंदा विश्वविद्यालय और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के बीच शैक्षणिक और शोध सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत संयुक्त शोध, शिक्षण कार्यक्रम, छात्र–शोधार्थी आदान–प्रदान और शैक्षणिक संसाधनों के साझा उपयोग पर सहमति बनी।

———————————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए और आतंकवाद निरोधी दल–एटीएस की संयुक्त टीम ने आज नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह छापेमारी कारतूस की बिक्री में अनियमितता के मामले में की गई है।

———————————————————————————————

कटिहार सदर अस्पताल में दवा वितरण में हुई अनियमितता के मामले में फार्मासिस्ट समेत अन्य कर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश दिये गए है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सिविल सर्जन को इस मामले में कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

———बाइट———

———————————————————————————

रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र स्थित जिगनी गांव के महावीर मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सोने–चांदी के आभूषण के साथ छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय समेत जिले के अन्य विद्यालयों में नामांकन को लेकर समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————————

01. बिना आवासीय प्रमाण पत्र के मिलेंगे पाँच किलो के एल.पी.जी सिलेंडर। इस फैसले से प्रवासी कामगारों और छात्रों को मिलेगी राहत।

02 राज्य सरकार ने कहा– अगले पांच वर्षों में उद्योग क्षेत्र में होगा पचास लाख करोड़ रुपये का निवेश। बढ़ेंगे रोजगार के नये अवसर।

03. भारतीय जनता पार्टी आज अपना सैंतालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। प्रदेश में चलेंगे सप्ताह भर कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– नौ अप्रैल तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में धूल भरी आंधी के साथ होगी बारिश।

———————————————————————————

समाप्त